हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025

12 गौमाता की निकाली शोभायात्रा चरणों में...

13 नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी ने ली शपथ




आवश्यकता है
कम्प्यूटर वर्क/ऑफिस वर्क के लिए फीमेल स्टॉफ/लड़कियां एवं सेल्स गर्ल कपड़े एवं रेडिमेड के लिए आवश्यकता है
संपर्क करें
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
9893744470

## समारोह : नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षदों ने राजिम को स्वच्छ बनाने का लिया संकल्प

# एक-एक गली का होगा विकास सभी जरुरतें होंगी पूरी : रोहित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मंगलवार को पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक बस स्टैंड में राजिम नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव एवं सभी 15 पार्षदों को राजिम एसडीएम निर्वाचन अधिकारी विशाल महाराणा ने शपथ दिलाया। मंच पर नवनिर्वाचित पार्षदों के अलावा राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदुलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा के वरिष्ठ नेता भागवत हरित, जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, गरियाबंद जिला के चुनाव प्रभारी सुरेंद्र पाटनी एवं मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू के अलावा फिंगेश्वर के जनपद उपाध्यक्ष सतीष यादव मौजूद थे।

इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि जिस तरह से आपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय के सुशासन के ऊपर विश्वास करते हुए भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी महेश यादव को जीताया है तो मैं विश्वास दिलाना चाह रहा हूं कि आपके विश्वास पर पूरे सौ फीसदी खरा उतरेंगे। एक-एक गली का विकास होगा सभी जरूरतें पूरी होंगी। कभी कोई अड़चन नहीं आएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि राजिम के विकास में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। स्वागत भाषण के दौराण नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि विधायक रोहित साहू के कुशल नेतृत्व में परचम लहराया है। यहां की जनता को विश्वास दिलाता हूं ▶▶| शेष पेज 12 पर



### शासन की योजनाओं का सही तरीका से क्रियान्वयन हो: चंदूलाल

विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि मुझे विश्वास है कि अध्यक्ष महेश यादव और सभी पार्षद साथ मिलकर पूरी ईमानदारी और सक्रियता के साथ काम करेंगे। बीच में बिचौलिए न आने पाए इस बात का ध्यान रखना होगा। कहा कि शासन की योजनाओं का सही तरीका से क्रियान्वयन हो। अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य का भी पालन करें। साथ ही शहर की जनता से पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने निवेदन किया कि नालियों में झिल्ली व बॉटल तथा अन्य कचरे न डालें। पार्षदों से कहा कि शपथ का पालन अवश्य करें।

## हुड़दंगियों पर होगी कार्रवाई सुरक्षा के विशेष इंतजाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

होली और रमजान का त्योहार जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गरियाबंद तहसील कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम रीशा ठाकुर, डीएसपी निशा सिन्हा और तहसीलदार मयंक अग्रवाल ने की। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और प्रशासनिक अधिकारियों ने त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

■ होली-रमजान पर अमन और भाईचारे की अपील की

एसडीएम रिशा ठाकुर ने कहा, "होली और रमजान दोनों ही त्योहार सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हैं। हमें एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रेम और शांति के साथ इन्हें मनाना चाहिए।" उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। नगर पालिका के पार्षद सूरज सिन्हा ने शांति समिति की बैठक में बोलते हुए कहा कि होली प्रेम, भाईचारे ▶▶| शेष पेज 12 पर

### डीएसपी बोलीं- उल्लंघन बर्दाश्त नहीं होगा

डीएसपी निशा सिन्हा ने कानून-व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, "होली के दिन शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि त्योहार को सौहार्दपूर्ण और भाई चारे के माहौल में मनाएं और शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर का वार्षिक सम्मेलन 16 को

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर का वार्षिक सम्मेलन 16 मार्च को ग्राम सेंदर में आयोजित किया जाएगा। क्षेत्र के सभी 22 गांव के कलार समाज से महिला -पुरुष, युवक- युवती अपने परिजनों के साथ शामिल होंगे। समाज सचिव राजकुमार सिन्हा कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा, युवा मंच भागवत कन्हैया सिन्हा, महिला अध्यक्ष धनेश्वरी सिन्हा ने कहा की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक विधानसभा क्षेत्र राजिम ,अध्यक्षता ओमप्रकाश सिन्हा मंडलेश्वर कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर होंगे।

### 86 उपभोक्ताओं की बिजली काटी

**महासमुंद।** जिले में बिजली वितरण कंपनी लंबित बिजली बिल बकायादार उपभोक्ताओं पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को अधीक्षण अभियंता वी बीएस कंवर के निर्देशन में टीम गठित कर राजस्व वसूली के लिए खट्टी वितरण केंद्र अंतर्गत बिजली बिल के लिए लंबित बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं का सामूहिक रूप से लाइन विच्छेदन किया गया है। इस दौरान खट्टी वितरण केंद्र के 35 लाख 78 हजार 179 रुपए बकाया वाले 86 उपभोक्ताओं की बिजली लाइन काटी गई। कुल 16 उपभोक्ताओं से 3 लाख 617 रुपए प्राप्त हुआ है। राजस्व वसूली की कार्रवाई निरंतर आगे भी जारी रहेगी। लाइन विच्छेदित उपभोक्ताओं द्वारा यदि अनधिकृत लाइन जोड़ी जाती है तो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### शराबी पुत्र ने की पिता से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम जाड़ामुड़ा में एक शराबी बेटे ने शराब के नशे में अपने पिता से गाली-गलौज कर मारपीट की। मामले की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ग्राम जाड़ामुड़ा निवासी कपूरचंद प्रधान ने बताया कि तीन भाइयों में वह सबसे छोटा है, उसके दो बड़े भाई संकीर्तन प्रधान व कीर्तन प्रधान है। 7 मार्च की रात में खाना खाकर अपने कमरा में सो रहा था, तभी रात 10 बजे झगड़ा विवाद होने की आवाज आने पर कपूरचंद प्रधान उठा बाहर निकल कर देखा तो उसके बड़े भाई कीर्तन प्रधान के घर से आवाज आ रही थी।

# गौशाला में मवेशियों की भूख से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत कोपरा के गौशाला में मवेशियों की दर्दनाक मौत के बाद प्रशासन अब बचाव की मुद्रा में आ गया है। भूख से तड़प-तड़प कर मरे मवेशियों की खबरें वायरल होने के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने बड़ी संख्या में मवेशियों को राजिम और फिंगेश्वर के गौशालाओं में शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। इस फैसले पर ताज्जुब की बात यह है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस कदम को अपनी मंजूरी दे दी है। इस पूरे मामले में देखा जाए तो नगर पंचायत कोपरा में शपथ ग्रहण से पहले गौ शाला में मवेशियों की बेरहमी से मौत हुई है जिसे लेकर नगर में तरह तरह की चर्चा हो रही है। जब प्रशासन की लापरवाही से मवेशियों की मौत हुई और मामला चर्चा में आया, तब गोबरा-नवापारा के व्यापारियों ने पहल कर गौशाला पहुंचकर चारा-पानी की व्यवस्था की। व्यापारियों ने गौ माता की सेवा करने का संकल्प लिया और बीते सोमवार और मंगलवार को सब्जी-भाजी से भरी पिकअप गाड़ियों को गौशाला भेजा। इससे वहां बचे हुए मवेशियों को कुछ राहत मिली है। प्रशासन अब अपनी नाकामी को छिपाने के लिए गौशाला में पैरा-कट्टी की व्यवस्था करने की बात कह रहा है। जबकि सच्चाई यह है कि अगर समय पर उचित चारा-पानी का इंतजाम किया गया होता, तो इतनी बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत नहीं होती।

■ व्यापारियों ने मोर्चा संभाल चारा-पानी की व्यवस्था की

### लापरवाही छिपाने प्रशासन कर रहा शिफ्टिंग





### जिम्मेदारों पर कार्रवाई, लेकिन सवाल बरकरार

इस मामले में गौशाला प्रबंधन से जुड़े कुछ जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। फिर भी सवाल यह है कि क्या सिर्फ गिरफ्तारी से इस गंभीर लापरवाही की भरपाई हो जाएगी? स्थानीय लोगों का मानना है कि प्रशासन को गौशाला के संचालन में पारदर्शिता लानी होगी और भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए पुख्ता व्यवस्था करनी होगी।

### व्यापारियों का सराहनीय योगदान

गौ माता की सेवा में नवापारा के व्यापारियों ने जिस संवेदनशीलता का परिचय दिया, वह प्रशंसा योग्य है। व्यापारी कैलाश काबरा ने कहा, मवेशियों की भूख से मौत की खबर पढ़कर बहुत दुख हुआ। गौशाला के संचालन में घोर लापरवाही बरती गई। लेकिन हम अपनी ओर से जितना संभव होगा, सहायता करते रहेंगे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, नगर पालिका नवापारा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, कैलाश काबरा, अजय गुप्ता, सुरेंद्र बैद, अनिल जैन, योगेश साहू, नोगेश्वर साहू, अजय साहू, कृष्णा सेन, गिरधर साहू, मंगलू साहू, विक्रम साहू, दिनेश साहू, भीखम साहू सहित कई व्यापारी और समाजसेवी मौजूद रहे। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस त्रासदी से कोई सबक लेता है या फिर सिर्फ मवेशियों को इधर-उधर शिफ्ट कर अपनी जिम्मेदारी से बचता रहेगा। स्थानीय लोग चाहते हैं कि गौशाला की व्यवस्था में सुधार हो और भूख से मवेशियों की मौत जैसी अमानवीय घटनाएं दोबारा न हों।

# कांग्रेस का तिरंगा चौक पर प्रदर्शन भाजपा और ईडी का फूंका पुतला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड को लेकर कांग्रेस ने आक्रोश जताया। 11 मार्च को प्रदेशभर में कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया, इसी कड़ी में गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में तिरंगा चौक पर भाजपा और ईडी का पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष भाव सिंह साहू और जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान ईडी और भाजपा पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है और कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी व ईडी का पुतला दहन जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिह साहू, पूर्व प्रत्याशी एवं जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, वरिष्ठ नेता युगल पांडे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, देवभोग के अध्यक्ष भूपेंद्र मांझी, अमलीपदर के अध्यक्ष ललिता यादव, श्रद्धा ठाकुर, अवध यादव, अमित मिरि, विमला साहू, प्रतिभा पटेल, ममता फुलझेले, पार्वती ध्रुव, गजेंद्र साहू, चंद्रहास साहू, हरिश्वर पटेल, भानू सिन्हा, गेंदु यादव, मुकेश रामटेक, सन्नी मेमन, जुनैद खान, राहुल निर्मलकर, वीरेंद्र राजपूत, घनशयाम ओगरे, जीवन यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

### कांग्रेस ने कहा -राजनीतिक बदला

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ईडी को केवल विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि भाजपा के घोटालेबाज नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर ऐसी कार्रवाई नहीं रुकी तो पार्टी सड़कों पर बड़ा आंदोलन करेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के इस प्रदर्शन से गरियाबंद का तिरंगा चौक राजनीतिक संघर्ष का केंद्र बन गया, जहां ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारों की गूंज देर तक सुनाई दी।

### फागुन के रंग माता के संग का आयोजन कल

**महासमुंद।** स्थानीय बरोंडा चौक स्थित मां भवानी दुर्गा मंदिर में 13 मार्च की शाम 5 बजे से फागुन के रंग माता के संग फाग महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें लुप्त हो रही पारंपरिक फाग का गायन शाम 5 बजे नगाड़ों के थाप पर होगा। साथ ही अबीर गुलाल फूलों से होली उत्सव मनाया जाएगा। रात्रि 8 बजे महाकाल मुक्तिधाम समिति द्वारा माता की आरती के अलावा माता रानी की आकर्षक झांकी प्रस्तुति होगी। जिसमें उपस्थितजन मातारानी के फूलों से होली खेलेंगे। जानकारी देते हुए मंदिर के राजेश लूनिय, संजय शर्मा ने बताया कि आयोजन को लेकर नगर पुराहित पं. पंकज तिवारी के सानिध्य में बैठक हुई।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## केन्द्राध्यक्षों की बैठक लेकर दिए गए निर्देश

# बोर्ड की तर्ज पर 5वीं, 8वीं की परीक्षा 17 से


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल के संरक्षण ,जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत के निर्देशानुसार तथा गौरव गरियाबंद जिला नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर मनोज केला के मार्गदर्शन गरियाबंद जिले में 17 मार्च से कक्षा 5 वीं, 8वीं की परीक्षा शरू हो रही है। इसी तारतम्य में संकुल केंद्र अतरमरा में कक्षा 5 वीं, 8वीं केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन एवम ब्लू प्रिंट के अनुसार प्री टेस्ट के लिए संकुल केंद्र अतरमरा के अंतर्गत आने वाली सभी केन्द्राध्यक्षों एवं विषय शिक्षकों की बैठक हुई। संकुल प्राचार्य बी देवांगन, परीक्षा नोडल राजेश कंसारी,उत्तम कंसारी, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के द्वारा उपस्थित सभी केंद्राध्यक्षों, विषय शिक्षकों को शासन के प्राप्त निर्देशानुसार कक्षा पांचवी, आठवीं केंद्रीयकृत परीक्षा का सफल संचालन के लिए उच्च कार्यालय से प्राप्त आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभी केन्द्राध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि केन्द्रीकृत परीक्षा का सफल संचालन निर्बाध रूप से हो, तथा विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की सुविधा न हो इसका विशेष ध्यान दे।

### सफाई सहित अन्य कार्यों के लिए दिए निर्देश



संकुल प्राचार्य बी देवांगन एवं संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के द्वारा सभी केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी विद्यार्थियों को सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारी जैसे बिजली, पानी, शाला परिसर की सफाई एवं बैठक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। ताकि विद्यार्थी को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। दौरान पांचवी आठवीं केंद्रीयकृत परीक्षा के संबंध में आयोजित बैठक में संकुल प्राचार्य बी देवांगन, राजेश कंसारी, उत्तम कंसारी, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, डोरेश मेहरा, रूपराम साहू, धनेश्वरी मुरचूलिया, मीना ध्रुव, कृष्ण कुमार साहू, चेतन ध्रुव, नगमा खान, बलराम साहू, केदार राम हिरवानी, चंपा सेन, मुन्ना पटेल, प्रह्लाद यादव सहित शिक्षक बैठक में उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई , 20 मई से 29 मई , 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### नौनिहालों में वैज्ञानिक अवधारणा के लिए आईआईटी में प्रशिक्षण आयोजित

**मैनपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों से चुने गये 50 शिक्षकों का भिलाई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गरियाबंद जिले का प्रतिनिधित्व विनय कुमार साहू शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दबनई मैनपुर ने किया। प्रशिक्षण के दौरान आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर एवं शिक्षाविद महबूब आलम ने विज्ञान एवं गणित शिक्षण के सरल तकनीकों को शिक्षकों के साथ साझा किया। प्रोफेसर डॉक्टर अशरीफा सुल्ताना ने गणित के जटील समीकरणों को चुटकी में हल करने के गुर सिखाए। प्रोफेसर नागेश देवीदास पाटिल ने प्रकृति प्रेरित वैज्ञानिक खोज एवं आविष्कारों की जानकारी दी। आईआईटी भिलाई के छात्रों द्वारा लैब भ्रमण करवाया गया एवं यहां हो रहे शोध कार्यों की जानकारी दी गई। प्रोफेसर डॉक्टर गगन गुप्ता के मार्गदर्शन में आईआईटी भिलाई के विश्वस्तरीय कैंपस का भ्रमण एवं योगाभ्यास करवाया गया। सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के राज्य प्रभारी राजकुमार चापेकर, प्रोफेसर अनिल साहू, प्रोफेसर महबूब आलम एवं विवेक शर्मा के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बारूला सरपंच सुकदेव ने सम्भाला पदभार



**छुईहा बेलर।** पंचायत बरूला नवनिर्वाचित सरपंच सुकदेव साहू 3 मार्च को समस्त पंच के साथ शपथ ग्रहण किया। वर्तमान में सुकदेव साहू भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव सरपंच संघ फिगेंश्वर उपाध्यक्ष पद का दायित्व निभा रहे हैं। सरपंच एवं समस्त पंचगणों ने ग्राम पंचायत बारुला के गौठान में पौधा लगाकर पंचायत कार्य का शुभारंभ किया।

### संगवारी महिला मंच के संचालन के लिए मुखियाओं का हुआ चयन



**गरियाबंद।** संगवारी महिला मंच का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव भूतेश्वर नाथ गरियाबंद में आयोजित किया गया। जिसमें छुरा और गरियाबंद ब्लॉक के संगवारी महिला मंच महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में संगवारी महिला मंच के कि उद्देश्य पर समझ विकसित किया गया व मुद्दों का चिन्हांकन किया गया। और संगवारी महिला मंच के संचालन के लिए मुखियाओं का चयन सभी सदस्यों के द्वारा कलस्टर अनुसार किया गया जिसमें सिवनी कलस्टर से देववती, कामराज, मालती सेहरापानी, धीरजा बाई मलियार सुखंतीन देवरी, कोठीगांव कलस्टर से अनेशी बृजलाल, मुख्यारिन, गेंदीबाई, छबीला, कोदोपाली कलस्टर से सोनकुवर बाघमार, सावित्री तेंदुबाय, अश्वंतीन रायआमा, कलाबाई कोदोपाली, सुकन बाई लिमडीह अमेठी कलस्टर से अहिल्या बाई, बिस्मा बाई, रमशिला, नीरा बाई, भगवती, हेमंतीन बाई, इसके तिलईदादर कलस्टर से दशमती, कुमेबाई, गेंदीबाई, जय बती टोनहीडबरी कलस्टर से दुखिया बाई, हीरमणि, लालमती, सविता सोनी, जुगमणि इसके पश्चात कार्य जिम्मेदारी पर समझ विकसित किया गया। चयनित मुखियाओं द्वारा राज्य स्तर की मुखियाओं का चयन किया गया साथ ही एक वर्ष का कार्य योजना तैयार किया गया जो राज्य स्तर मुखियाओं के नाम इस प्रकार है अनेशी बाई, धीरजाबाई, बद्रिका सावित्री, दुखिया हैं साथ ही जिला स्तर पर बच्चों और महिलाओं के मुद्दे पर कार्य करने का निर्णय लिया जिसमें दोनों ब्लॉक से संगवारी महिला मंच की 200 से अधिक महिला शामिल रही।

---

**आयोजन : गौमाता के चरणों में लेटने पहुंचे जनप्रतिनिधि से लेकर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु**

# गौमाता की निकाली शोभायात्रा चरणों में लेटने की अनूठी परंपरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कांडसर में मंगलवार को गौ माता की शोभायात्रा निकाली गई। विश्व शांति वार्षिक महिमा मेला, प्रकृति की रक्षा के लिए धार्मिक आयोजन को बनाया गया। माध्यम राज्य भर से दूर -दूर से जुटे श्रद्धालु भाजपा एवं हिन्दू संगठन के प्रांत पदाधिकारियों का जमावाड़ा लगा। विगत 20 वर्षों से कांडसर गौ शाला संचालक बाबा उदय नाथ द्वारा विश्व शांति वार्षिक महिमा मेला का आयोजन किया जा रहा है। गौ माता के भव्य शोभायात्रा से इसकी शुरुआत होती है। स्वागत के दरम्यान गौ चरणों में लेटने का अनूठी परम्परा है। शोभायात्रा में निकले गौ माता 3 किलो मीटर दूरी से बिछाए गए सफेद कालीन में चल कर आते है। इसी कालीन में श्रद्धालु गौ माता के पग के आगे साष्टांग लेट कर गो पग बाधा बनते हैं, ताकि गौ माता उनके शरीर पर चल सके। इसे गौ पद लेना या गौ पग बाधा बनना कहते है। मान्यता है कि ऐसा करने से शारीरिक कष्ट दूर होता है साथ ही सारे क्लेश बाधा टल जाते हैं।आज प्रदेश के कोने कोने से आए लोगों ने गौ पद लेकर आयोजन का हिस्सा बने।आस्था धर्म के साथ ही प्रकृति रक्षा का संदेश देने वाले इस आयोजन में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पहुंचे। संघ प्रांत प्रचार प्रमुख संजय तिवारीजी, प्रांत गौ सेवा प्रमुख वीर अन्ना सफारे, सक्षम संगठन मंत्री राम जी राजवाड़े, हिन्दू जागरण पंच के प्रदेश पदाधिकारी सौरभ दुबे, संघ के प्रांत अभिलेखागार प्रमुख महावीर प्रसाद ठाकुर, प्रसिद्ध कथा वाचक युवराज पांडेय, संघ संगठन केकई ख्यातिनाम पदाधिकारियों के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, नगर पालिका गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव, जनपद अध्यक्ष मैनपुर मोहना नेताम, जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता भागीरथी मांझी, युवा नेता आयुश दुबे, नरोत्तम साहू, प्रशांत मानिकपुरी समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि ने शोभा यात्रा में भाग लिया।

- गौमाता भव्य शोभायात्रा से शुरू हुआ विश्व शांति वार्षिक महिमा मेला

#### उदय नाथ की गौशाला में 800 गौवंश



बाबा उदय नाथ आलेख महिमा संप्रदाय के प्रमुख है, क्षेत्र में उनके 5000 हजार से ज्यादा अनुयाई हैं। गौ शाला में 800 गौ वंश है जिसकी सेवा के लिए हमेशा 100 से ज्यादा सेवा दार 11 एकड़ में फैले गौ शाला सह आश्रम में रहते हैं। यहां प्राकृतिक जड़ी बूटी और गौ मूत्र से विभिन्न रोगों के निदान के लिए औषधीय उपलब्ध होता है।शुद्ध दूध, दही, घी और शहद का केंद्र भी है। नशा मुक्ति अभियान चला कर बाबा ने सैकडो लोगों के जीवन को संवार दिया है।बाबा उदय नाथ ने कहा कि इस आयोजन का मक्सद गौ वंश और प्रकृति के प्रति लोगों के मन में अगाध प्रेम जागृत करना है।

---

## पदभार ग्रहण से पहले मैनपुर सरपंच ने खड़े होकर करवाई साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर नगर में पिछले 4-5 माह से नियमित रूप से साफ-सफाई कार्य नहीं होने के कारण चौक चौराहे, सप्ताहिक बाजार, कांजी हाउस, व्यवसायिक काम्पेक्स शेड, शिक्षक कालोनी सहित विभिन्न वार्डों में जगह-जगह कचरा और गंदगी का ढेर लगा हुआ है जिसके कारण इससे उठने वाली बदबू तथा मच्छर पनपने से संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। ग्राम पंचायत मैनपुर के नवनिर्वाचित सरपंच हनिता नायक अभी पदभार भी ग्रहण नहीं किया है और नगर के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है। मंगलवार को नवनिर्वाचित सरपंच हनिता नायक सुबह 10 बजे से नगर के विभिन्न वार्डों का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया और साफ - सफाई कार्य प्रारंभ करवाया। स्वयं खड़े होकर अपने सामने सप्ताहिक बाजार के भीतर अटल काम्पलेक्स के सामने कचरे के ढेर को ट्रैक्टर में डलवाकर साफ -सफाई कार्य प्रारंभ करवाया है। सरपंच हनिता नायक ने कहा की ग्राम पंचायत मैनपुर का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है पूरे नगर पंचायत क्षेत्र का साफ - सफाई कार्य नियमित रूप से करवाना है। उन्होने बताया की जल्द ही पंचायत में बैठक रखकर योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जायेगा।

### कुलेश्वर सिन्हा चुने गए उपसरपंच



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10 किमी दूर ग्राम पंचायत धवलपुर में कुलेश्वर सिन्हा उपसरपंच चुने गए। यहां उपसरपंच चुनाव को लेकर भारी गहमा गहमी देखने को मिला। नवनिर्वाचित उपसरपंच कुलेश्वर सिन्हा ने कहा की ग्राम पंचायत के विकास के लिए सब मिल जुलकर कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है।

---

### जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी-नेहरु का स्वागत...





**राजिम।** महिला जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी-नेहरु साहू का ग्राम परतेवा धूमा श्यामनगर एवं लफंदी में आधी रात तक जबर्दस्त स्वागत हुआ। इस दौरान सरपंच लफदी, जानकी ध्रुव, सरपंच परतेवा, सरपंच श्यामनगर, ग्राम अध्यक्ष रूपकुमार साहू, ग्राम पटेल हिरावन साहू, नवयुवक मंडल अध्यक्ष देवलाल साहू, महिला मंडल अध्यक्ष, रेखा साहू, तुका साहू, गंगा राम साहू, चेमन साहू, गोवर्धन साहू, दुर्गा साहू, लता तारक व नवनिर्वाचित उपसरपंच ग्राम लफदी पंकज साहू उपस्थित थे।

### नगर पंचायत कोपरा में भाजपा की तारिणी सेन निर्विरोध उपाध्यक्ष बनीं



**कोपरा।** नगर पंचायत कोपरा में भाजपा ने उपाध्यक्ष पद पर भी अपना परचम लहरा दिया है। सोमवार को हुए चुनाव में भाजपा समर्थित तारिणी कृष्णनंद सेन को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इससे पहले अध्यक्ष पद पर भी भाजपा प्रत्याशी रुपनारायण साहू ने बंपर जीत दर्ज की थी। नगर पंचायत के 15 वार्डों में से भाजपा ने बहुमत हासिल किया था, जिससे उपाध्यक्ष पद पर भी पार्टी की जीत तय मानी जा रही थी। निर्वाचित होने के बाद तारिणी सेन ने नगर के चहुंमुखी विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। नगर पंचायत कोपरा के गठन के बाद यह पहला चुनाव था, जिसमें भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया। भाजपा के आठ पार्षदों ने जीत दर्ज की थी, जबकि तीन निर्दलीय और कांग्रेस के चार पार्षद भी चुने गए थे। बहुमत के आधार पर भाजपा का उपाध्यक्ष बनना पहले से तय माना जा रहा था। इस पद के लिए भाजपा के चार पार्षदों ने दावेदारी पेश की थी। चुनाव पर्वेक्षक और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू ने सभी दावेदारों के नाम चुनाव समिति को भेजे। नगर में पहले से ही चर्चा थी कि अध्यक्ष पद पर पुरुष होने के कारण उपाध्यक्ष पद पर महिला उम्मीदवार को मौका दिया जाएगा। आखिरकार, भाजपा ने तारिणी कृष्णनंद सेन को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया। निर्धारित समयानुसार अपराह्न 12 बजे से उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किए जाने थे। इस दौरान भाजपा के तीन अन्य नेताओं ने भी अपनी दावेदारी जताई, लेकिन दोपहर 12:02 बजे चुनाव पर्वेक्षक डॉ. साहू ने तारिणी सेन को पार्टी अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया। इसके बाद कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने भी उनके नाम पर सहमति जताई और किसी अन्य ने नामांकन दाखिल नहीं किया।

## सीआरपीएफ ने 250 ग्रामीणों को दी जरुरत की सामाग्री




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 38 किमी दूर घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र पहाड़ी के ऊपर बसे ओड़ में मंगलवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सिविक एक्शन एवं निःशुल्क जॉच शिविर का आयोजन किया गया सीआरपीएफ 65 बटालियन के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 250 ग्रामीणों को जरूरत की समाग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम अमलोर, ओड़, हथौड़ाडीह, कुकराल, नगराल, आमामोरा के लगभग 480 ग्रामीण पहुंचे बच्चो को खेलकूद की समाग्री, ग्रामीणो को जीवन उपयोग में आने वाली समाग्री का वितरण किया गया बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 65 बटालियन कमांडेट राधे"याम सिंह के उपस्थिति दिशानिर्देशन में आजिक्य एम बो हाडे समन्वय अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया और निःशुल्क चिकित्सा जॉच कर ग्रामीणों को दवा वितरण किया गया। इस दौरान उच्च चिकित्सा अधिकारी अनुभव गौड़ श्री आजिक्य एम बो हाडे सहायक कमान, एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह, विकास पाटले, गगन बिहारी, सरपंच रामसिंह सोरी, आमामोरा सरपंच अर्जुन लाल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

### पूर्णिमा निर्विरोध उपाध्यक्ष बनीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

वार्ड नंबर 1 के भाजपा पार्षद पूर्णिमा चंद्राकर निर्विरोध उपाध्यक्ष बनीं। उपाध्यक्ष के चुनाव होते तक नगर पंचायत में सारे पार्षद इकट्ठे थे। पार्टी ने उन्हें उपाध्यक्ष पद के लिए अधिकृत किया और वे निर्विरोध उपाध्यक्ष बन गई।

## घनश्याम निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित



**रसेला।** ग्राम पंचायत कनसिंघी में उपसरपंच का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें घनश्याम चंद्राकर सर्वसम्मति से निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी श्री सोनी सर एवं देवांगन सर के द्वारा इसकी घोषणा किया गया, चुनाव उपरांत आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर मे ग्राम पंचायत कनसिंघी से निर्वाचित 10 महिला पंचो का फूलमाला एवं श्री फल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से नवनिर्वाचित सरपंच भोजराज नागेश, उपसरपंच घनश्याम चंद्राकर, सचिव प्रवीण साहू, पंच रिपोहन कंवर, जयश्री यादव, उमाराधे सेन, धनेश्वरीराधे कुंजाम, रेखामिलन ध्रुव, यज्ञदेव कंवर, भुनेश्वरी मरकाम, उमेश्वर जगत, राखिभूषण कहार, दशरिटीकम ध्रुव, सुलेखाप्रीत नेताम नीराअगर, ध्रुव, पर्वतीदानी ध्रुव, राधे सेन, रवि चंद्राकर, भूषण कहार प्रीत नेताम परमेश्वर ठाकुर नंदकुमार चंद्राकर राधे कुंजाम उपस्थित रहे।

---

**चरौदा में भागवत कथा की शोभायात्रा आज, गीता पुर्णहुति कल**

# प्रभु की आराधना व पति की सेवा एक समान होती है : विष्णु अरोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

अहं जब आकार लेता है तो इसे अहंकार कहते हैं। कर्त्तापन का अभिमान ही अहंकार है। यह स्वयं को बड़ा घोषित करता है। अहंकार असुरक्षा, भय, घृणा और धारणा को पालता-पोसता है। जो भी हमारे लिए सही है, यह अंहकार उस सही का विरोधी है। यह हमारे प्रगति-पथ पर छाया अंधेरा है। यह हम सभी के व्यक्तित्व में है। यह हमसे दूर कहीं नहीं जाता। अहंकार के कारण ही हम अपनी गलती नहीं मानते। इसके कारण ही हम दूसरों के साथ अनुचित व्यवहार करते हैं। इसी कारण अपनी विफलता या अवहेलना हम कतई पसंद नहीं करते। इसलिए बेहतर विकल्प यही है कि हम खुद को सजग एवं सतर्क रखें, जिससे हम जान सकें कि अहंकार की वजह क्या है। इससे पार पाने के लिए सबसे अच्छा तरीका यही है कि हम स्वयं शांत रहने की कोशिश करें। उक्त विचार प्रसिद्ध विद्वान भागवत कथाकार बाल योगी विष्णु अरोड़ा ने ग्राम चरौदा के भागवत व्यास पीठ से रासलीला के कथा दौरान, श्रीकृष्ण के साथ गोपियों को ऐसा महसूस होने लगा कि वे बहुत भाग्यशाली हैं, जिससे उनमें अहंकार उत्पन्न हुआ। श्रीकृष्ण ने इस अहंकार को दूर व नष्ट करने करने के लिए अंतर्ध्यान हो गए, गोपीयों और कृष्ण-प्रेम का अर्थ है श्रीकृष्ण के प्रति समर्पण और प्रेम, जो स्वार्थ से परे है। इससे जुड़ी कथा प्रसंग पर महराज ने अंहकार को विस्तार से कही। अगला प्रसंग में जोड़ कर बताया कि अगर सुखी रहना है तो काम, क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार रूपी मगरमच्छ पर विजय पानी होगी। ये पांचों विकार मगरमच्छ की तरह हैं जिन पर विजय पाकर ही भवसागर से पार उतरा जा सकता है। भगवान की तत्थ और चरित्र को समझने की जरूरत है। कथा प्रसंग के बीच में स्त्रियों से कहा की अपने पति की सेवा में कोई भी कसर नहीं छोड़नी चाहिए, प्रभु की आराधना और पति की सेवा एक समान होती है। उल्लेखनीय है कि ग्राम चरौदा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह तिजिया, चन्द्र प्रकाश पुष्पलता, युगल किशोर इन्दू सिन्हा के द्वारा आयोजन 5 से 13 तक आयोजित है। बुधवार को परमधाम, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, अपरांत 3 बजे शोभायात्रा यात्रा निकाली जायेगी जो गांव की विभिन्न देवालय को भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंचेगा। वहीं कल गीता पाठ एंव पुर्णाहूति होगी।

---

#### पेज 11 के शेष...

##### एक-एक गली...

कि विकास के कार्यो में कोई कमी नहीं होगी। उन्होने विधायक से कहा कि पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से हर तरफ सड़को का चौड़ीकरण बहुत जरूरी है। गौरवपथ का काम भी अतिआवश्यक है। इसके अलावा मै आपसे मांगते रहूंगा और आप देते रहेंगे।

**मोर राजिम की कल्पना को सब मिलकर साकार करें : संतोष-** इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव एवं सभी पार्षदों से कहा कि मोर राजिम की कल्पना को सब मिलकर साकार करें। राजिम विकास की ओर अग्रसर है। राजिम सुंदर कैसे बने इस पर हमें काम करना है। विकास के लिए पैसा लाने की जिम्मेदारी विधायक सहित हमलोगो की है। कार्यक्रम में पार्षद पूर्णिमा चंद्राकर, तुषार कदम, जानकी पटेल, नरोत्तम ठाकुर, भारत यादव, अंजनी निषाद, बलराम यादव, आकाश राजपूत, सुरेश पटेल, टंकु सोनकर, अजय पटेल, सुमित्रा निराला, मंशाराम कुर्रे, कुलेश्वर साहू, रेखा साहू ने शपथ ग्रहण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहने वालों में राजू साहू, किशोर साहू, लोकनाथ साहू, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री छाया राही, स्वर्णलता, लता सिन्हा, देवकी साहू, मधु नत्थानी, खुशी साहू, मनीषा शर्मा, केसरी तंबोली, ध्रुव शर्मा, देवेंद्र शर्मा, लाला साहू, श्रवण ठाकुर, शिवकुमार ठाकुर, गजेश्वर ठाकुर, भावेश ठाकुर, धर्मेंद्र शर्मा, लिलेश्वर यदु, लखनलाल सिन्हा, कमल सिन्हा, मनोज देवांगन, शरद पारकर, सोमनाथ पटेल, पूरन यादव, राधेश्याम सोनी, संजीव साहू, रामु साहू, ईश्वर साहू, मनीष हरित, प्रवीण पुष्पाकर, अरविंद गुप्ता, सुनील देवांगन, दिलीप पटेल, नंदन पटेल, भूपेंद्र यादव, जितेंद्र शर्मा, जगदीश यदु, नंदन पटेल, लेखा महोबिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं शहरवासी मौजूद थे।

##### हुड़दंगियों पर होगी...

और खुशियों का त्योहार है। इसे सभी को आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि होली खेलते समय दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें और जबरदस्ती रंग लगाने जैसी हरकतों से बचें। पानी की उचित आपूर्ति और कचरा निस्तारण के लिए भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव ने कहा कि "होली के दिन पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा। बैठक में नगरपालिका उपाध्यक्ष आसिफ़ मेमन भाजपा, पार्षद छगन यादव पार्षद खेम सिंह बघेल वरिष्ठ पत्रकार और विभिन्न समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया और सभी से प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि हर स्थिति पर नजर रखी जाएगी और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# होली पर्व पर सजा बाजार दिखने लगा त्योहारी रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

रंगोत्सव का पर्व होली पर्व के लिए बाजारों में दुकानें सजकर तैयार होने लगी है। क्षेत्र के अलग-अलग दुकानों में पर्व को लेकर रंग गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सजने लगी है। आगामी 14 मार्च को होली पर्व पर रंग गुलाल और पिचकारियों से रंग गुलाल खेलने की परंपरा को कायम रखने दुकानें सज रही है। रंगोत्सव का पर्व होली क्षेत्र में होलिका दहन और होली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। होली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह धीरे-धीरे चढ़ने लगेगा। होली के त्योहार को ले अब चंद दिन शेष रह गए हैं। क्षेत्र के दुकानों और सप्ताहिक बाजारों में तरह तरह के मुखौटे व आर्टिफिशियल हेयर, मास्क और अर्बल उत्पादों की भरमार है, इसके साथ ही नये ट्रेड के सामग्रियां भी दिखने को मिल रही है। बाजार में व्यवसायियों ने इस बार बच्चों को आकर्षित करने के लिए नये तरह के पिचकारियों को उतारा है, जिसमें त्रिशूल के आकार पिचकारी, बीन, एयर प्रेसर, टैंक, पाइप, मोटू-पतलू और पिचकू बैलन को उतारा है। ग्रामीण अंचलों में होली त्योहार में अपने इष्टदेव, कुलदेव की विधिवत पूजा अर्चना कर इस दिन नया गेहूं का नवां खाई पर्व अपने सभी परिवारों के साथ मनाया जाता है। नगाड़ों की दुकानें भी क्षेत्र के सप्ताहिक बाजारों में लगने लगी है। वहीं त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस भी तैयारी कर रही है। ग्राम रसेला में होलिका दहन के लिए कोटवार द्वारा मुनादी करवा कर हर घर से लकड़ी निकालें जाते हैं, और लकड़ियों को एकत्रित कर होलिका दहन के जगह पर ले जाकर शुभ मुहूर्त में गांव के बैंगा, ग्राम पटेल सहित सभी ग्राम प्रमुखों के हाथों विधि विधान से पूजा अर्चना कर होलिका दहन में शामिल होते हैं। दूसरे दिन होलिका दहन की पुजा अर्चना कर नगाड़ों की धुन में मस्त नाचते गाते हुए गांव की गलियों में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए होली का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

**बाजार में नगाड़ा और अर्बल उत्पादों की भरमार**



# नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण नगर के सांस्कृतिक भवन में क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला प्रभारी पाटनी, मंडल प्रभारी योगेश शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर जनपद अध्यक्ष मीराठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथियों का स्वागत नगर पंचायत की सीएमओ लाल सिंह मरकाम और शपथ ग्रहण अनुविभागीय अधिकारी आर एस सोरी ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने नगर के जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है कि भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष के रूप में लुकेश्वरी निषाद को चुनाव जिताया, उन्होंने विश्वास दिलाया कि नगर के विकास में प्रदेश सरकार के द्वारा किसी प्रकार की कमी नहीं होगी और नगर के द्वारा जो भी मांग किया जाएगा उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री के माध्यम से पूरा करने का निश्चित प्रयास किया जाएगा, उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया, भाजपा के पार्षद भोले शंकर जायसवाल, रजनी लहरे, चित्रलेखा ध्रुव, संगीता दिक्सित, गरिमा ध्रुव, बलराज पटेल ने शपथ लिया। इस अवसर पर राजू साहू, मनीष हरित, जिला महामंत्री थान सिंग निषाद, भाजपा नेता मानसिंह निषाद सहित सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।









संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईहा, मो. 9589469068







संकलनकर्ता- दीपक पोद्दार हरिभूमि संवाददाता फिंगेश्वर, विज्ञापन एवं समाचार के लिये संपर्क करें- मो.-9826377127